हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 7 नवंबर 2025

06 विवाह पंचमी पर नगर में निकलेगी भव्य और दिव्य ...

07 वेंकटेश बालाजी मंदिर परिसर में बिखरी...




## खबर संक्षेप

### आज जिपं अध्यक्ष करेंगी सुबह से शाम तक समीक्षा

**विदिशा।** जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी आज शुक्रवार को बैठक लेंगी। यह बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष कक्ष में होगी। जिसमें सुबह 11:30 से 12:30 बजे तक विद्युत विभाग, 12:30 से 1:30 बजे तक लोक निर्माण विभाग, 2 से 3 बजे तक आदिम जाति कल्याण विभाग तथा 3 से 4 बजे तक जल निगम, जलापूर्ति विभाग की समीक्षा की जाएगी। जिले के नागरिक, किसान, छात्र, सरपंच व आमजन विभागीय समस्याओं का संक्षिप्त लिखित विवरण बैठक के समय से आधा घंटा पूर्व प्रस्तुत कर सकेंगे। अधिकारियों की उपस्थिति में सीधे सुनवाई कर त्वरित समाधान किया जाएगा।

### राष्ट्रीय गीत की 150वीं वर्षगांठ पर कार्यक्रम आज

**विदिशा।** भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150 वी वर्षगांठ को देश भर में 7 नवम्बर 2025 से 7 नवंबर 2026 तक समारोह पूर्वक आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया है। विदिशा जिले में भी आयोजन की शुरुआत आज 9.30 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रगीत वंदे मातरम का सम्पूर्ण गायन से की जाएगी।

### जनजातीय गौरव दिवस के तहत प्रदर्शन आज

**विदिशा।** भगवान बिरसा मुंडा की 150 जयंती के समापन वर्ष जनजातीय गौरव के तहत आज शुक्रवार को पाक कला का प्रदर्शन स्टॉलों के माध्यम से किया जाएगा। संस्कृति, जनजातीय कार्य एवं ग्रामीण विकास और महिला एवं बाल विकास विभाग, वन विभाग के सहयोग से जिले की सभी अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति विभाग के सीनियर तथा महाविद्यालयीन छात्रावासों में जनजातीय व्यंजनों का प्रदर्शन स्टॉलों के माध्यम से किया जाएगा।

### युवक कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष बने देव साहू



**विदिशा।** युवक कांग्रेस के चुनाव में विदिशा ब्लॉक युवक कांग्रेस सिविल लाइन क्षेत्र से अध्यक्ष पद पर देव साहू भारी मतों से निर्वाचित हुए हैं। देव कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रवि साहू के बेटे हैं। प्रतिष्ठा पूर्ण हुए चुनाव में जहां देव साहू को 372 वोट मिले। वहीं उनके प्रतिद्वंदी सौरभ खंगार को 57 वोट मिले। देव साहू भारी मतों से निर्वाचित होने पर कई वरिष्ठ कांग्रेस जन और सामाजिक लोगों ने बधाई दी।

### मतदाता सूची का निरीक्षण किया

**विदिशा।** भारत निर्वाचन आयोग के सचिव विनोद कुमार एवं मप्र के उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश यादव ने विधानसभा क्षेत्र 144 विदिशा के मतदान केंद्र क्रमांक 65, ग्राम हिरनई में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बीएलओ अर्चना त्रिपाठी से सूची में नाम जोड़ने, संशोधन व विलोपन की प्रक्रियाओं की जानकारी लेकर वितरित गणना पत्रकों की की जांच की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी पात्र मतदाताओं तक प्रपत्र व सूचना समय पर पहुंचें और कोई भी नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे।

### न्यायोत्सव विधिक सप्ताह 9 से 14 तक

**विदिशा।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेख सलीम के मार्गदर्शन में न्यायालय सभागार में न्यायोत्सव विधिक सप्ताह (9 से 14 नवंबर) की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सप्ताहभर चलने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। सचिव नितेन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि 9 नवंबर को मैराथन से शुभारंभ होगा तथा जेल, विद्यालयों व संस्थानों में विधिक साक्षरता शिविर होंगे।

---

किसान कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, एफसीआई खरीदी नीति पर चिंता जताई

# एफसीआई के नियम तो कमर तोड़ देंगे, औने-पौने दाम पर उपज बेचने मजबूर होंगे किसानों

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मप्र में फसल खरीद नीति को लेकर जारी असंतोष के बीच गुरुवार को जिला किसान कांग्रेस ने मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदेश किसान कांग्रेस के निर्देश पर कार्यकर्ता विवेकानंद चौराहे पर एकत्रित हुए, प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और इसके बाद जिला अध्यक्ष विनीत दांगी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में राज्य सरकार द्वारा डीसीपी (विकेंद्रीकृत उपार्जन प्रणाली) से हटकर एफसीआई (भारतीय खाद्य निगम) के माध्यम से सीधी खरीद के प्रस्ताव का कड़ा विरोध दर्ज किया गया। ज्ञापन सौंपने के बाद मीडिया से बात करते हुए विनीत दांगी ने सरकार के फैसले को किसानों के हितों के विरुद्ध बताते हुए कहा कि एफसीआई के गुणवत्ता मानक अत्यधिक कठोर हैं। जरा सी नमी, कचरा या ओलावृष्टि से दाना काला-सफेद होने पर भी बड़ी मात्रा में फसल रिजेक्ट कर दी जाती है।



**विदिशा।** विवेकानंद चौराहे पर एकत्रित होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन।

### पिछले वर्षों में कई केंद्रों पर 30–40% तक उपज अस्वीकृत हुई

पिछले वर्षों में कई केंद्रों पर 30–40% तक उपज अस्वीकृत हुई थी। ऐसे में किसान मजबूर होकर व्यापारियों को एमएसपी से कम, औने-पौने दाम पर बेच देता है। विदिशा जैसे जिले में यह स्थिति हजारों परिवारों की आजीविका पर सीधा आघात है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने 2023 चुनाव में 'मोदी की गारंटी' के नाम पर किसानों को बढ़े हुए समर्थन मूल्य का वादा किया था, लेकिन अब निर्णय बदलकर किसानों से वादाखिलाफी कर रही है। जिला प्रशासन ने ज्ञापन प्राप्त कर उसे मुख्यमंत्री कार्यालय भेजने की पुष्टि की, लेकिन स्थानीय स्तर पर सरकार की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसी बीच धान पंजीयन की अंतिम तिथि होने से कई सहकारी समितियों और उपार्जन केंद्रों पर किसानों की लंबी कतारें लगी रहीं। किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विनीत दांगी ने चेतावनी दी कि 7 दिनों में निर्णय वापस नहीं लिया गया तो जिले के सभी ब्लॉकों में सामूहिक ज्ञापन अभियान चलाया जाएगा और इसके बाद तहसील व जिला मुख्यालय पर बड़े स्तर पर धरना-प्रदर्शन होंगे। इस दौरान सुजीत देवलिया, आशीष महेश्वरी, उमराव सिंह कुशवाह, राजकुमार पासी, रमेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और किसान मौजूद रहे। किसान कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि यह संघर्ष सिर्फ विदिशा का नहीं, बल्कि पूरे मध्य प्रदेश के किसानों के भविष्य से जुड़ा है।

### ज्ञापन में 4 मांगें

- डीएसपी नीति वापस ली जाए, ताकि खरीद राज्य स्तर पर लचीले मानकों के साथ हो सके।
- एमएसपी से नीचे बिक्री पर रोक लगाई जाए और किसानों को मजबूरी में कम दाम पर बेचने की नौबत न आए।
- भंडारण, परिवहन और आय वृद्धि के लिए विशेष आर्थिक पैकेज घोषित किया जाए।
- चुनावी घोषणा-पत्र के अनुसार धान 3100, गेहूं 2700 रु. क्विंटल की दर सुनिश्चित की जाए।

### डीसीपी बनाम एफसीआई, किसानों का असली मुद्दा है

डीसीपी में राज्य सरकार खरीदती है, नियम अपेक्षाकृत सरल होते हैं और रिजेक्शन कम होता है। एफसीआई में गुणवत्ता मानक कठोर हैं, नमी-कचरा आदि पर कड़ी जांच होती है, जिससे रिजेक्शन की दर बढ़ जाती है। किसान कांग्रेस का कहना है कि ऐसे में किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

---

# संविदा उपयंत्री की मौत शव रखकर दिया धरना

**आक्रोशः** परिवार के सदस्य को नौकरी देने की मांग



**विदिशा।** दुर्गानगर चौराहे पर शव रखकर प्रदर्शन करते हुए परिजन।

> डेढ़ वर्ष पहले हाईकोर्ट से केस जीत लिया, लेकिन इसके बावजूद उन्हें जॉइनिंग नहीं दी गई थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विदिशा के रहने वाले मनरेगा के संविदा उपयंत्री नवीन खरे की एम्स में इलाज के दौरान हुई मौत के बाद संविदा संगठन के सदस्यों ने गुरुवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

शिवपुरी में पदस्थ रहे नवीन के पार्थिव शरीर को कार्यकर्ताओं ने दुर्गा नगर चौराहे पर रखकर चक्काजाम किया और शिवपुरी कलेक्टर व जिला पंचायत सीईओ के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी परिवार के एक सदस्य को संविदा नियुक्ति दिए जाने की मांग पर अड़े रहे। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सतीश कुमार ने आरोप लगाया कि नवीन की मौत बीमारी के साथ-साथ प्रशासनिक लापरवाही और भ्रष्टाचार का परिणाम है। उनका कहना है कि 2012 में पद से हटाए जाने के बाद नवीन ने कानूनी लड़ाई लड़ी और डेढ़ वर्ष पहले हाईकोर्ट से अपना केस जीत लिया, लेकिन इसके बावजूद उन्हें जॉइनिंग नहीं दी गई। संगठन का आरोप है कि जॉइनिंग के बदले 1 लाख की रिश्वत की मांग की गई, जिससे नवीन तनाव और आर्थिक तंगी में घिर गए।

परिवार का खर्च चलाने के लिए उन्हें अपना मकान तक बेचना पड़ा। इसी बीच तबीयत बिगड़ने पर भर्ती हुए नवीन की ब्रेन हेमरेज से मौत हो गई। परिजन और संगठन मनरेगा कमिश्नर के हस्तक्षेप के साथ परिवार के किसी सदस्य को संविदा नियुक्ति देने की मांग उठा रहे हैं।

---

# किसान बोले- नरवाई नष्ट करने हमारे पास आधुनिक यंत्र नहीं हैं, कार्रवाई करना किसानों के साथ अन्याय

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

पराली जलाने पर प्रशासन की सख्ती के बीच किसानों ने पराली प्रबंधन के लिए आवश्यक साधन उपलब्ध कराने की मांग की है। किसानों का कहना है कि बिना विकल्प दिए कार्रवाई करना छोटे किसानों के साथ अन्याय होगा।

ग्राम ढोलखेड़ी के किसानों ने इस संबंध में कलेक्टर अंशुल गुप्ता के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि वे सभी छोटे किसान हैं और उनके पास फसल अवशेष नष्ट करने के लिए कोई आधुनिक कृषि यंत्र नहीं है। वह नरवाई में आग न लगाएं तो और क्या करें।



### नरवाई नष्ट करने सब्सिडी पर उपकरण दिलाए जाएं

किसानों ने शिकायत की कि फसल कटाई के बाद खेतों में बचे अवशेषों को नष्ट करने के लिए न तो पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हैं और न ही उन्हें कोई सरकारी सहायता मिल रही है। कृषि विभाग से कई बार संपर्क करने के बावजूद उन्हें कोई प्रभावी समाधान नहीं मिला है। किसानों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि पराली प्रबंधन के लिए आवश्यक मशीनें और सब्सिडी पर उपकरण जल्द से जल्द उपलब्ध कराए जाएं, ताकि किसानों पर हो रही कार्रवाई से बचा जा सके।

### शमशाबाद पुलिस ने बालिका को खोजा

**शमशाबाद।** शमशाबाद पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत बड़ी सफलता हासिल की। थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने सतत प्रयास करते हुए अपहृत नाबालिग बालिका को ईछावर (जिला सीहोर) से सकुशल दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया। फरियादी द्वारा 23 जुलाई 2025 को बहन के अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। लगातार निगरानी, पतारसी और तकनीकी विश्लेषण के माध्यम से पुलिस टीम ने 6 नवम्बर 2025 को बालिका का पता लगाकर उसे सुरक्षित बरामद कर लिया। अब तक जिले से 312 से अधिक गुमशुदा एवं अपहृत नाबालिग बालक-बालिकाओं को सुरक्षित ढूंढकर उनके परिवारजनों से मिलाया जा चुका है।

---

# निर्वाचन आयोग सचिव ने कहा-मैपिंग शीघ्र पूरी करें

**कलेक्ट्रेट स्थित बेतवा सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के सचिव विनोद कुमार ने मैंपिंग कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य अत्यंत संवेदनशील और जिम्मेदारीपूर्ण प्रक्रिया है, इसलिए मतदाता सूची पुनरीक्षण से जुड़े सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरी गुणवत्ता के साथ संपन्न किए जाएं। उनके साथ प्रदेश के उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश यादव भी उपस्थित रहे। जिले में नियुक्त 1347 बीएलओ 11 लाख 20 हजार से अधिक मतदाताओं को एनवायरमेंट फॉर्म वितरित करेंगे।



### 50 प्रतिशत से अधिक काम पूरा हुआ

समीक्षा बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंशुल गुप्ता तथा जिले की सभी पांच विधानसभाओं के एसडीएम ने प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। कलेक्टर श्री गुप्ता ने बताया कि बीएलओ नियुक्ति, मतदाता सूची अद्यतन, मैपिंग, मुद्रण और वितरण कार्य तेजी से चल रहे हैं। विधानसभा-वार प्रगति के अनुसार मैपिंग कार्य विदिशा में 50.97%, गंजबासौदा में 61.37%, कुरवाई में 64.02%, सिरोंज में 56.97% तथा शमशाबाद में 64.01% पूर्ण हो चुका है।

---

# वसूली नहीं: जनपद की 29 दुकानों पर 32 लाख रुपए किराया बकाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ग्यारसपुर

जनपद पंचायत की 29 दुकानों पर अब तक लगभग 32 लाख किराया बकाया है। शासन की मंशा थी कि इन दुकानों के माध्यम से गरीब, मजदूर, बेरोजगार और वंचित वर्गों को आत्मनिर्भर बनाया जाए तथा जनपद पंचायत की आय के लिए एक स्थायी स्रोत तैयार हो, किंतु अधिकारियों और कर्मचारियों की उदासीनता और लापरवाही के कारण यह योजना अब घाटे का सौदा साबित हो रही है। जानकारी के अनुसार 2019 से अब तक लगभग 32 लाख रुपए तक का बकाया दर्ज किया गया है। कई दुकानों पर ऐसे रसूखदार लोगों का कब्जा है जो न तो किराया जमा कर रहे हैं और न ही दुकानें खाली कर रहे हैं। जनपद पंचायत के सीईओ जितेंद्र जैन ने बताया कि वसूली के लिए सहायक लेखपाल अधिकारी रमेश शर्मा को निर्देशित किया गया है।

---

# सीबीआई जांच और नार्को टेस्ट कराने की मांग

**रघुवंशी समाज प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर और एसपी को सौंपा ज्ञापन**

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विमल तारण पर हुए हमले के प्रकरण में नरेन्द्र रघुवंशी को आरोपी बनाए जाने के विरोध में रघुवंशी समाज का प्रतिनिधि मंडल बुधवार को कलेक्टर एवं एसपी से मिला।

प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए जांच को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से कराने की मांग रखी। मंडल ने मांग की कि जांच स्थानीय एसआईटी के बजाय जिले से बाहर की एसआईटी से मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में कराई जाए तथा धारा 164 के तहत बयान दर्ज हों। प्रतिनिधियों ने कहा कि पुलिस द्वारा लिए गए बयानों की प्रति नरेन्द्र रघुवंशी को उपलब्ध नहीं कराई गई। उन्होंने एफआईआर व बयान की प्रति उपलब्ध कराने, मामले की सीबीआई जांच कराने तथा नरेन्द्र रघुवंशी का नार्को टेस्ट कराए जाने की मांग भी की।



प्रतिनिधि मंडल में गजेंद्र सिंह तरफदार, प्रहलाद सिंह, सरदार सिंह, वीरसिंह कक्का, रामकृष्ण, चंद्रशेखर, बलवीर सिंह, मोहर सिंह रघुवंशी, महेंद्र रघुवंशी सहित कई पदाधिकारी शामिल रहे।

---

# निरीक्षण में गैस एजेंसियों पर मिलीं भारी अनियमितत्ताएं

> कलेक्टर के निर्देश पर जिलेभर में एकसाथ की गई कार्रवाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर बुधवार को जिले की सभी 27 गैस एजेंसियों का एक साथ औचक निरीक्षण कराया गया। एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदारों ने अपने-अपने क्षेत्रों में एजेंसियों के प्रबंध, सुरक्षा व्यवस्थाओं और संधारित अभिलेखों की गहन जांच की। निरीक्षण के दौरान अधिकांश एजेंसियों में व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं।

विदिशा एसडीएम क्षितिज शर्मा, सिरोंज एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा, कुरवाई एसडीएम मनीष जैन और बासौदा एसडीएम संतोष बिटौलिया द्वारा जांची गई एजेंसियों में कोई बड़ी कमी सामने नहीं आई।

वहीं लटेरी एसडीएम नितिन जैन द्वारा निरीक्षित रुचि गैस एजेंसी में चौकीदार के ठहरने की व्यवस्था नहीं मिली। ग्यारसपुर एसडीएम शशि मिश्रा द्वारा जांची गई एजेंसी में कर्मचारी यूनिफॉर्म में नहीं मिले और केवल चार किलो का अग्निशामक यंत्र पाया गया। तहसीलदार प्रीति पंथी द्वारा निरीक्षित सम्राट अशोक गैस एजेंसी में स्टॉक खाली मिला और एजेंसी रेड लिस्ट थ्री श्रेणी में पाई गई। नटेरन में विद्या भारत गैस एजेंसी पर रेट लिस्ट प्रदर्शित नहीं मिली, जबकि लटेरी में अनुज्ञप्ति आदेश अनुपस्थित था। ग्यारसपुर तहसीलदार सौरभ मालवीय को भी यूनिफॉर्म और अग्निशमन उपकरणों में कमी मिली। गुलाबगंज एजेंसी में कोई कमी नहीं पाई गई। जांच रिपोर्ट प्रशासन को सौंप दी गई है।

---

**सिप्रंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया**

# छात्र- छात्राओं ने किया प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सिप्रंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल, में वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव का आयोजित किया गया।

पूरे विद्यालय परिसर में बच्चों की कलात्मक प्रस्तुतियों की जगमगाहट दिखाई दी, जिनमें नृत्य, संगीत, नाटक, विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी जैसी विविध गतिविधियों ने कार्यक्रम को अविस्मरणीय बना दिया। छात्रों ने भारतीय सांस्कृतिक विविधता को दर्शाते हुए दक्षिण भारतीय नृत्य, बीहू, घूमर तथा भांगड़ा की ऊर्जावान प्रस्तुतियां दीं। शिक्षा का मूल्य, वृक्ष हमारे मित्र और ऑपरेशन सिंदूर जैसे नाट्य मंचनों ने सामाजिक जागरूकता, देशभक्ति और पर्यावरण संरक्षण के संदेश प्रभावी रूप से प्रस्तुत किए। प्री-प्राइमरी बच्चों का हास्य-नाट्य आहा टमाटर विशेष रूप से सराहनीय रहा। बच्चों द्वारा तैयार साइंस एग्जीबिशन और आर्ट-क्राफ्ट प्रदर्शनी दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तोरण सिंह दांगी, व्यापार संघ अध्यक्ष राजेश जैन, समाजसेवी सपना जैन, एयरफोर्स ग्रुप कैप्टन अनंत दीक्षित सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना की और विद्यालय के प्रयासों की प्रशंसा की। विद्यालय के संचालक योगेंद्र सिंह राणा, डायरेक्टर मीनल सिंह राणा एवं करणप्रताप सिंह राणा ने छात्रों को प्रोत्साहित किया। प्राचार्य विनय अग्रवाल ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम उपलब्धियों की जानकारी दी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।






## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1700
उच्चतम भाव-5430
सरसों
न्यूनतम भाव-5310
उच्चतम भाव-7190
चना
न्यूनतम भाव-4300
उच्चतम भाव- 5751
मसूर
न्यूनतम भाव-5310
उच्चतम भाव-6700
उड़द
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-5400
मक्का
न्यूनतम भाव- 1080
उच्चतम भाव- 1882
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-3200
धान
न्यूनतम भाव-766
उच्चतम भाव-3100
जौ
न्यूनतम भाव- 1800
उच्चतम भाव- 1800
गेंहू
न्यूनतम भाव- 2325
उच्चतम भाव-3500
ज्वार
न्यूनतम भाव- 1400
उच्चतम भाव- 1400
मूंग
न्यूनतम भाव- 5600
उच्चतम भाव- 5600

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 24768 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### धूमधाम से मनाया जाएगा जन्मोत्सव



गंज बासौदा। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 12 नवंबर, दिन बुधवार को श्री कालसेन भैरव बाबा मंदिर गांधी चौक पर जगत के कोतवाल भगवान शिव के अंश अवतार शक्ति के दाता श्री कालसेन भैरों बाबा का जन्मोत्सव उत्साह से मनाया जाएगा। इस मौके पर विशेष साज, सज्जा कर विशेष पूजन अभिषेक , हवन, सत्यनारायण व्रत कथा के पश्चात दोपहर में 12 बजे बाबा जन्मोत्सव पर महाआरती की जाएगी। तत्पश्चात विभिन्न मंडलियों द्वारा भजन एवं प्रसाद का वितरण किया जाएगा। जिसमें श्रद्धालुओं से शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की गई है।

# चलित गौ-नंदी सेवा समिति ने मनाया गोपाष्ठमी गौ महोत्सव पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏩ गंजबासौदा



चलित नंदी गौ सेवा समिति के छह वर्ष पूर्ण होने पर प्रतिवर्ष की तरह समिति सदस्यों द्वारा सातवें वर्ष की गौसेवा की शुरुआत गौमाता की आरती करके उन्हें गौग्रास और मिष्ठान खिलाकर की गई। आरती उपरांत भगवान श्री कृष्ण और राधाजी का पूजन व वन्दना की गई। इस वर्ष निराश्रित बेसहारा गौवंश सर्दियों में भूखी न रहे, उन्हें पर्याप्त भूसा गौग्रास के रूप में शीतकालीन समय में उपलब्ध कराए जाने का प्रयास रहेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता गंज हनुमान मंदिर के महंत महेश्वरदास त्यागी महाराज ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रुप में एसडीएम संतोष बिटौलया, तहसीलदार अरविंद यादव, मुकेश सिंह, रुपेश लाड़, करुणानिधान विकलांग गौशाला के संचालक लालूजी महाराज, पशु चिकित्सा प्रभारी आरएस उपाध्याय, भारत भार्गव, जगदीश सिंह राजपूत, प्रवेंद्र यादव, गौ रक्षा मंच के संजू यादव, महेश सोनी, सिंचाई विभाग से डीएस सोलंकी, महेश चतुर्वेदी, अशोक चौरसिया, दयाशंकर शर्मा, शंभू सिंह राजपूत, वीरसिंह रघुवंशी, झलकन सेन, मर्दन जाटव, सीमा राजपूत, लक्ष्मी शर्मा, सोनाली सेवड़े मौजूद रहीं। कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथियों ने कहा कि गर्मियों के चार माह समिति द्वारा पर्यावरण की रक्षा और गौ सुरक्षा को लेकर अभियान चलाया जाता है, उन्होंने कहा उसी का परिणाम 290 ट्राली भूसा का संग्रह है। इस मौके पर राकेश रघुवंशी, राजा गुर्जर, रंजीत मीणा, नीरज पाल, शूरवीर यादव, यीशु दुबे, छोटू रघुवंशी महेश गुर्जर, राजकुमार मीणा, पूर्ण सिंह गुर्जर, क्रश यादव, माखन सिंह दांगी, विजय यादव, रविंद्र यादव, राम यादव, राजेश कुशवाहा, राहुल यादव, सुल्तान यादव, मनोज यादव, भगवान सिंह यादव, यशवंत सिंह राजपूत मौजूद रहे। इस अवसर पर बाजार में रासायनिक युक्त दूध को बंद करने की मांग रखी गई। इस अवसर पर चलित नंदी गौ सेवा समिति के बलवीर गुर्जर, भूपेंद्र सिंह ठाकुर, मुकेश सोनी, दिनेश प्रजापति मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### श्रीराम विवाह महोत्सव पर नगर में बजेगी शहनाई और गूंजेगा जय सियाराम

# विवाह पंचमी पर नगर में निकलेगी भव्य और दिव्य श्रीराम बारात

हरिभूमि न्यूज ⏩ गंजबासौदा




त्रेतायुग की वह पावन गाथा, जिसमें मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम और माता सीता का दिव्य मिलन हुआ था, अब उसी आत्मिक अनुभूति को साकार कराने श्रीराम रस धारा परिवार की ओर से इस वर्ष भी चक्रवर्ती श्रीराम विवाह महोत्सव का आयोजन भक्ति, आस्था और सनातन संस्कृति के भावों से ओत-प्रोत होकर जोर-शोर से करने की तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। यह आयोजन 18 से 25 नवंबर तक चलेगा, जिसमें विवाह पंचमी के पावन अवसर पर प्रभु श्रीराम की भव्य और दिव्य ऐतिहासिक बारात नगर में निकलेगी। आयोजकों की ओर से गुरुवार को श्रद्धेय अनिल यादव स्मृति पत्रकार भवन में आयोजित प्रेसवार्ता में विवाह महोत्सव की तैयारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए क्षेत्र भर के सभी धर्मालंबियों, सनातनी प्रेमियों को राम जी के विवाह महोत्सव में आने का आमंत्रण दिया गया। **लगुन से बारात तक, नगर होगा राममय** सियाराम विवाह महोत्सव की तैयारियों पर चर्चा करते हुए नगर के अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित डॉ. अभिषेक कृष्ण शास्त्री ने बताया कि विवाह कार्यक्रम संयोजक स्वयं प्रकटेश्वर श्री कीर्तननाथ महादेव हैं। यह आयोजन केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि सनातन परंपरा, विवाह संस्कार और मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन संदेश का पुनर्स्मरण है जो आज की पीढ़ी को यह सिखाता है कि विवाह केवल एक उत्सव नहीं, यह धर्म, प्रेम और कर्तव्य का संगम है। श्रीराम विवाह महोत्सव की शुरुआत 18 नवंबर शनिवार को लगुन मटियाना से होगी। 20 नवंबर को जानकी की गोद भराई एवं श्रीराम का तिलकोत्सव, 22 नवंबर को श्री गणेश पूजन एवं तेलोत्सव, 23 नवंबर माता पूजन एवं मंडप होगा। जिसमें महिलाएं माता पूजन के लिए गांधी चौक से शीतला माता मंदिर गाजे बाजे के साथ जाएंगी। 23 नवंबर को ही रात्रि 7 बजे से गांधी चौक पर विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा जिसमें सारेगामा फेम शरद शर्मा सहित नगर के कई जाने माने भजन गायक अपनी प्रस्तुतियां देंगे। सभी आयोजन श्री सीताराम नाम शंकर संकीर्तन पीठ, सदर बाजार गांधी चौक शिव मंदिर में संपन्न होंगे। वधु पक्ष में राजा जनक की भूमिका सुशील गुप्ता और वर पक्ष में राजा दशरथ की भूमिका हरि नेमा निभाएंगे। श्री राम रस धारा परिवार ने श्रद्धालुओं से इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भागीदारी कर धर्म लाभ लेने की अपील की है। **बारात में नाचेंगे ऊंट, बजेगा बाजा, सजेंगे रथ** श्रीराम रस धारा परिवार के संस्थापक पं. अंकुर माधव महाराज ने बताया कि श्रीराम और माता सीता का विवाह हमें यह सिखाता है कि विवाह दो हृदयों का नहीं, दो संस्कारों का मिलन है। यह केवल साथ चलने का नहीं, साथ निभाने का संकल्प है। इसी भाव का संदेश देते हुए 25 नवंबर दोपहर 12 बजे श्री हनुमान मंदिर, स्टेशन रोड से भगवान श्रीराम जी की भव्य बारात प्रारंभ होगी। यह बारात नेहरू चौक, जयस्तंभ चौक, हनुमान चौक होकर सावरकर चौक, सिरोंज चौराहा से होते हुए गांधी चौक स्थित श्रीराम-जानकी मंदिर पहुंचेगी। बारात में रम तूला, ऊंट, रथ, बैंड-बाजे, डीजे और झांकी दल विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे। जबलपुर के कलाकार त्रेता युग के प्रसंगों को जीवंत झांकी के रूप में प्रस्तुत करेंगे। बारात में क्षेत्र भर के महंत, साधु संत अन्य स्थान के सिद्ध संत महापुरुष भी अपनी उपस्थिति दे रहे हैं। राम जी की बारात का स्वागत पुष्प वर्षा, दीपों की सजावट और भक्ति संगीत के बीच किया जाएगा।

## नाबालिग बालक को परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏩ गंजबासौदा

शहर थाना पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत 24 घण्टे में नाबालिग बालक को दस्तयाब किया है। दिनांक 5 नबम्वर को फरियादी ने अपने नाबालिग पुत्र उस 15 वर्ष को किसी अज्ञात व्यक्ति दवारा बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने की रिपोर्ट पुलिस थाने में दर्ज कराई थी। जिस पर पुलिस ने धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शहर संजय वेदिया के नेतृत्व में टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम के द्वारा अपहर्ता बालक को तलाश पतारसी के दौरान प्रकरण में आये तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर नाबालिक बालक को 24 घण्टे में दस्तायब करने में सफलता प्राप्त की तथा अपहत के न्यायालय में कथन कराए गये। जिसके बाद बालक को परिजनों के सुपूर्द किया गया। उक्त कार्रवाई में शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया, राजेन्द्र शर्मा, अरुण छारी की विशेष भूमिका रही।

## आईशर ट्रक और लोडिंग पिकअप की भिडंत



हरिभूमि न्यूज ⏩ गंजबासौदा

गुरुवार को सुबह 5 बजे बागरोद चौराहा पर आईसर ट्रक और लोडिंग पिकअप में भिडंत हो गई। जिसमें तीन लोग घायल हो गए, घायलों में आयशर ट्रक चालक नंदकिशोर साहू निवासी परवलिया भोपाल, लोडिंग पिकअप चालक बालकिशन पाल उनके सहयोगी देवेंद्र पाल को गंभीर चोटें आई हैं। जिन्हे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उच्च उपचार के लिए जिला अस्पताल विदिशा रेफर कर दिया।

## महाविद्यालय में व्याप्त विभिन्न समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏩ गंजबासौदा

गुरुवार को एनएसयूआई कार्यकर्ताओं द्वारा शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नात्कोत्तर महाविद्यालय में व्याप्त अनियमितताओं को लेकर एक ज्ञापन प्राचार्य डॉ. नरेन्द्र कुमार को सौंपा गया। जिसमें ड्रेस कोड एवं आईडी कार्ड लागू करने की माँग की गई। महाविद्यालय में बाउंड्रीवॉल, मुख्य द्वार पर गेट लगवाने की माँग भी रखी, जो लंबे समय से चली आ रही है। जर्जर हाल बिल्डिंग की मरम्मत कराए जाने की मांग की गई। ज्ञापन के माध्यम से एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर 3 दिवस में उनकी मांगे पूरी नहीं हुई तो एनएसयूआई महाविद्यालय प्रबंधन के ख़िलाफ़ धरना प्रदर्शन करेगी। जिसकी जिम्मेदारी शासन की होगी। इस मौके पर अनेक एनएसयूआई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एसडीईआरएफ के जवानों ने सिखाए तरीके

हरिभूमि न्यूज ⏩ गंजबासौदा



स्थानीय सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकण्डरी स्कूल में जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन की टीम ने व्यवहारिक तरीकों से बाढ़, सर्प दंश, आकाशीय बिजली सहित जिले में घटित होने वाली प्राकृतिक एवं मानवीय आपदाओं का प्रबंधन करते हुए स्कूल के छात्र-छात्राओं को बचाव एवं राहत के तरीकों से अवगत कराया। इस अवसर पर संस्था प्रबंधन द्वारा सभी आपदा प्रबंधन से जुड़े सैनिकों को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि एसडीईआरएफ एवं होमगार्डस विदिशा के प्रशिक्षक संदीप राजपूत, अभिषेक यादव, गौरव रघुवंशी, ऋषभ एवं देवेन्द्र द्वारा सैण्ट एसआरएस स्कूल के कक्षा नवमी से लेकर कक्षा बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं को बाढ़, आपदा में डूबते लोगों को आवश्यक संसाधनों के माध्यम से बचाने का प्रशिक्षण दिया गया। इसी तरह सर्प दंश की पहचान समझाते हुए कहा कि भारत में यू तो 97 प्रतिशत सर्प विष रहित होते है, किंतु हमें सर्प दंश से पीड़ित व्यक्ति को समय रहते अस्पताल में डॉक्टर के पास ले जाना चाहिए ताकि उनका समय पर उपचार कर जीवन बचाया जा सके, लगभग विषधर काले रंग के होते हैं, उन के दंश से लगभग आधा इंच की दूरी पर दो नुकीले निशान बनते हैं। डॉक्टर को विषधर के निशान समझ में आने से इलाज में सहुलियत होती है। हमें सर्प दंश के स्थान पर चीड़ फाड़ नहीं करना चाहिए, यदि हम चीड़फाड़ कर देते हैं तो डॉक्टर को समझने में मुश्किल हो जाती है। वक्ताओं ने बताया कि इन दिनों कम उम्र में भी हार्ट अटेक की स्थिति बन रही है, ऐसे हालात में आप सीपीआर देकर किसी की जान बचा सकते हैं। इस दौरान बल के सदस्यों ने बच्चों को सीपीआर और कृत्रिम सांस देकर जान बचाने का प्रशिक्षण दिया। संस्था के डायरेक्टर केएस यादव ने बताया कि संस्था में सीपीआर देने का एम्स के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने आपदा प्रबंधन टीम का आभार जताया। संस्था की कार्डीनेटर प्रियंका अग्रवाल, एनएसएस बालिका इकाई प्रभारी रजनी गुप्ता, बालक इकाई प्रभारी कृष्ण पाल सिंह चौहान ने अतिथियों का सम्मान किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य उमेशचंद्र यादव द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## खेड़ापति-11 ने राइजिंग स्टॉर को हराया



हरिभूमि न्यूज ⏩ गंजबासौदा

लीजेंड् क्रिकेट सीजन-1 में गुरूवार को खेले गए मुकाबले में टूर्नामेन्ट में खेड़ापति-11 ने राइजिंग स्टार को 47 रनों से करारी शिकस्त दी। इस मैच में टूर्नामेन्ट का पहला शतक राहुल पलोड़ द्वारा लगाया गया। जिन्होने मात्र 38 गेंदों में धूंआधार बल्लेवाजी करते हुये 11 चौके और 7 छक्कों की मदद से 109 रनों की नाबाद पारी खेली। इस मैच में खेड़ापति-11 की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 158 रन बनाए, जो टूर्नामेन्ट में किसी टीम द्वारा अब तक का सर्वाधिक स्कोर है। बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी राइजिंग स्टार की टीम मात्र 111 रन ही बना पाई। पहले मैच को देखने के लिए बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे। जिन्होने इस मैच का आंखों देखा लुफ्त उठाया। बता दें कि लीजेड् क्रिकेट का आयोजन 40 प्लस उम्र के खिलाड़ियों को फिर से मैदान में लाने के लिए किया जा रहा है। 90 के दशक के खिलाडिय़ों को एक बार फिर से मैदान में उसी उत्साह और उमंग के साथ देखा जा रहा है। पहले मैच में शानदार शतक लगाने वाले बल्लेवाज राहुल पलोद को मैन ऑफ द मैच का पुरूस्कार दिया गया। दूसरा मैच डी स्टार और लीजेंड मीडिया के बीच खेला गया। जिसमें डी स्टार की टीम ने पहले बल्लेवाजी करते हुए 10 ओवर में 122 रनों का स्कोर बनाया। टीम की ओर से बल्लेवाज धर्मेन्द्र जैन ने शानदार बल्लेवाजी करते हुए 81 रनों की पारी खेली। जबाब में लीजेंड मीडिया की टीम मात्र 85 रन ही बना सकी और डी स्टार ने 37 रनों से मैच अपने नाम किया। इस मैच में धर्मेन्द्र जैन को मैन आफ द मैच का पुरूस्कार दिया गया। तीसरा मैच बासौदा-11 और आशू लॉइंस के बीच खेला गया। जिसमें आशू लॉइंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेवाजी करते हुए 10 ओवर में 116 रन बनाए। बल्लेबाज उमेश ने सर्वाधिक 55 रनों का योगदान दिया। दूसरी पारी में बासौदा-11 के बल्लेबाजों ने टीम को यह मैच जिताया। जिसमें नारायण चौधरी को 53 रनों की पारी और अच्छी गेंदबाजी करने पर मैन ऑफ द मैच का पुरूस्कार दिया गया।

### कृषि उपज मण्डी में पसरे अंधेरे से किसान परेशान

गंजबासौदा। दूरस्थ अंचलों से सैकड़ों की संख्या में किसान अपनी कृषि उपज का विक्रय करने कंजना की पठार स्थित कृषि उपज मण्डी में आ रहे हैं। जहां रात्रि के समय रोशनी न होने के कारण अंधेरा पसरा रहता है। जिससे किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने मण्डी समिति से रोशनी की व्यवस्था करने की मांग की है।

### डॉल्फिन इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल सभागार में कार्यक्रम आयोजित

## स्वच्छता गतिविधियों के विजेताओं का सम्मान समारोह संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏩ गंजबासौदा

डॉल्फिन इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल सभागार में नवांकुर विद्यापीठ एवं डॉल्फिन हाई स्कूल के संयुक्त आयोजन में स्वच्छता ही सेवा 2025 के तहत स्वच्छता पखवाड़ा में चित्रकला, निबंध एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन विद्यालय स्तर पर किया गया था। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं के साथ-साथ राज्य स्तर पर आयोजित हुई खेल प्रतियोगिताओं में गोल्ड, सिल्वर एवं कांस्य पदक प्राप्त करने वाले चैंपियंस को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में नगर पालिका अध्यक्ष एवं शहर की प्रथम नागरिक शशि अनिल यादव की मंचासीन उपस्थिति के साथ-साथ स्वास्थ्य अधिकारी आरके नेमा, विद्यालय की प्रबंध कारिणी अध्यक्ष एवं सदस्य सलाहकार, विद्यालय प्राचार्य तथा फीडबैक फाउंडेशन टीम की उपस्थिति रही। आयोजन में सर्वप्रथम नपा के स्वास्थ्य अधिकारी आरके नेमा द्वारा शहर की स्वच्छता हेतु किये जा रहे प्रयासों एवं परिवर्तन की लहर में शहर वासियों के सहयोग पर प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात फीडबैक फाउंडेशन के सीनियर मैनेजर भरत कान्त द्विवेदी द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तरीके को समझाया गया एवं बच्चों तथा अभिभावकों से अपील की गई कि हमें सबसे पहले स्वयं में परिवर्तन की शुरुआत करनी होगी, तत्पश्चात अपने घर, मोहल्ला, फिर अपने शहर की स्वच्छता में सहयोग करना होगा। नगरपालिका अध्यक्ष के स्वच्छ गंजबासौदा के सपने को साकार करने में हम सभी को सहयोग करना होगा। सभी से आग्रह अपील करते हुए शहर की स्वच्छता में सहयोग मांगा। जिससे स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुंदर गंज बासौदा का निर्माण हो सके। तत्पश्चात नगरपालिका अध्यक्ष द्वारा सभी प्रतिभाओं को बधाई देते हुए विद्यालय परिवार एवं नगर पालिका की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया एवं प्रदेश स्तर पर गंज बासौदा के नाम की धूम एवं कार्यों की तारीफ को बताया। तत्पश्चात सभी विजेताओं को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालयीन स्टॉफ एवं छात्र, छात्राऐं मौजूद रहीं।

## भाजपा की बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏩ गंजबासौदा

विधायक कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल बासौदा एवं सिरनोटा मंडल की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक के मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य तोरण सिंह दांगी ने मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान 2025 के विषय मे सभी बूथ अध्यक्ष एवं बीएलए और पार्टी के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से इस अभियान में भाग लेने का आह्वान किया। विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने सभी से आग्रह किया कि कोई भी पात्र मतदाता इस अभियान से न छूटे। इस मौके पर मास्टर ट्रेनर अभय शर्मा ने बीएलए टू को मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान की बारीकियों के बारे में बताया। इस अवसर पर एसआईआर अभियान के विधानसभा प्रभारी जितेंद्र मीणा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लाखन सिंह रघुवंशी, सिरनोटा मंडल अध्यक्ष नीलेश मीणा, महामंत्री रामकरण अहिरवार, विनोद रघुवंशी, लाखन सिंह यादव, उमेद सिंह मीणा, विजय सिंह मीणा पिपरिया , महेश पंथी, ब्रजेश दांगी, खिलान सिंह, बहादुर सिंह, मोहर सिंह लोधी, रणवीर मीणा, दीपक कुशवाह, सुनील रघुवंशी, बैजनाथ अहिरवार सहित बूथ अध्यक्ष एवं बीएलए टू उपस्थित रहे।

**वैष्णों श्री एज्युकेशन कॉलेज भाटनी गंज बासौदा**

इस महाविद्यालय में पूर्व से नियमित अध्ययनरत छात्र, छात्राओं को सूचित किया जाता है कि वैष्णों श्री एज्युकेशन कॉलेज जुलाई 2026 से बंद किया जा रहा है। छात्रों को अन्यत्र महाविद्यालय में नियमित प्रवेश की जिम्मेदारी अध्यक्ष, संस्था प्रमुख की रहेगी। अध्ययन व्यवस्था में कोई भी व्यवधान के लिए संस्था प्रमुख उत्तरदायी होंगे।

## सर्दियों में सिरोंज को जिला बनाने की मांग फिर गर्म, सोशल मीडिया पर जिले की बढ़ी डिमांड

# सिरोंज जिला बनाने की मांग का विधानसभा के सामने करेंगे धरना-प्रदर्शन: एड कपिल त्यागी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

सिरोंज को जिला बनाने को लेकर एक बार फिर सरगर्मिया तेज हो गई है। वही सोशल मीडिया पर सिरोंज को जिला बनाने की मांग को लेकर तरह तरह के दाबे किए जा रहें है। लोगो का मानना है कि सिरोंज का जिला बनना लगभग तय माना जा रहा है।

सिरोंज जिला बनाओं अभियान समिति के महामंत्री व अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एडवोकेट कपिल त्यागी ने अपने फेसबुक अकाउंट पर टिप्पणी करते हुए लिखा कि सिरोंज जिला बने इसलिए सभी जनप्रतिनिधि और सभी संगठन जिसमें मेरा संगठन अधिवक्ता संघ भी आता है उसका मैं अध्यक्ष हूं मैं तैयार हूं क्या आप सब... मध्य प्रदेश विधानसभा के सामने धरना देने के लिए बैठने वाले हैं जब तक जिला ना बने तब तक लंबी लड़ाई लड़नी होगी नहीं तो दो जिले बन जाएंगे और सिरोंज जिला बनने से 2013 में जो हुआ वह हो जाएगा। इसलिए कौन-कौन सहयोग के लिए तैयार है और अनिश्चितकालीन धरने के लिए विधानसभा के सामने कौन-कौन बैठने तैयार है इस हेतु बहुत जल्दी एक आवश्यक बैठक नगर सिरोंज में सिरोंज जिला बनाओ अभियान समिति के अध्यक्ष एडवोकेट अवध नारायण श्रीवास्तव की सहमति से शीघ्र ही बैठक बुलाने का आह्वान होगा तैयार रहे।

### सिरोंज जिला बने इसके लिए सिरोंज में सभी सुविधाए उपलब्ध

सिरोंज जिला बनाओ अभियान समिति के अध्यक्ष एडवोकेट अवध नारायण श्रीवास्तव ने अपने सोशल मीडिया पर कहा कि जीवन में कामयाबी के दरवाजे,सिर्फ उन्हीं लोगों के लिए खुलते हैं, जो उन्हें खटखटाने की ताकत रखते हैं,सिरोंज जिला बैठकर सोचते रहने से,कोई तमन्ना पूरी नहीं होती, मंजिल तक पहुंचना है, तो चलने की जिद जरूरी है। उन्होने कहा कि सिरोंज को जिला बनाने के लिए शासन पर कोई अधिक भार नही आएगा। क्योकि वर्तमान में सिरोंज भूगौलिक दृष्टि से उपयुक्त है। साथ ही सिरोंज में नवीन एसडीएम कार्यालय का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है और 100 पंलख का अस्पताल भी सिरोंज में है। पिछले वर्ष में ही नया न्यायालय बनकर तैयार हुआ है। तो वही शिक्षा के क्षेत्र में पॉलिटेक्निक कॉलेज, आईटीआई कॉलेज सहित डिग्री व शिक्षण संस्थाएं सिरोंज में स्थित है। लटेरी रोड स्थित कई शासकीय अवासीय भवन उपलब्ध है और कई प्रकार की सुविधाए भी उपलब्ध है जिससे कि यदि सिरोंज को जिला बनाने की घोषणा होती है तो शासन पर कोई ज्यादा भार नही आएगा। उन्होने कहा कि सिरोंज जिला बनाओ अभियान एक मांग है जो लंबे समय से उठाई जा रही है, जिसका उद्देश्य सिरोंज को जिला बनाना है। इस मांग को पूरा कराने के लिए विभिन्न आंदोलनों जैसे कि आमरण अनशन, हस्ताक्षर अभियान और नगरबंद का सहारा लिया गया है अभियान का उद्देश्यः सिरोंज को एक नए जिले के रूप में स्थापित करना। यह मांग 1983 से लगातार की जा रही है। सिरोंज वर्तमान में विदिशा जिले की एक तहसील है। इस मांग के समर्थन में




विभिन्न आंदोलन और अभियान चलाए गए हैं।

### सिरोंज शहर मुगल काल में एक मुख्य व्यापारिक केंद्र और समृद्ध शहर हुआ करता था

सिरोंज जिला बनाओं अभियान समिति के महामंत्री एडवोकेट कपिल त्यागी ने कहा कि मध्य प्रदेश के विदिशा जिले में आने वाले सिरोंज में 300 साल पुराना मुगल कालीन अनूठा बाजार हुआ करता था। हालांकि अब स्वरूप बदल चुका है, लेकिन निशानियां अब भी शेष हैं। सिरोंज शहर स्थित तीन मंजिला इस बाजार की खासियत थी कि यहां ऊंटसवार, घुड़सवार और पैदल लोग एक साथ दुकानों में खरीदारी कर लेते थे। यह बाजार आज भी सिरोंज की पहचान है, भले ही अब यहां ऊंट और घोड़े पर सवार होकर लोग खरीदारी को नहीं आते। लेकिन पहले बाजार में करीब 250 दुकानें थीं। विदिशा जिला मुख्यालय से 90 किमी दूर स्थित सिरोंज शहर मुगल काल में एक मुख्य व्यापारिक केंद्र और समृद्ध शहर हुआ करता था। सन 1901 में प्रकाशित इम्पीरियल गजेटियर ऑफ इंडिया में सिरोंज के प्राचीन वैभव का उल्लेख भी मिलता है। वही त्यागी ने बताया कि पुराने दौर में यह देश का बड़ा व्यापारिक केंद्र था। यहां की मलमल और छींट के कपड़े निर्यात होते थे। सत्रहवीं शताब्दी में आगरा से सूरत का राजमार्ग भी सिरोंज होकर ही गुजरता था। इस वजह से सिरोंज में दूर क्षेत्रों के लोग भी खरीदारी के लिए आते थे। उस दौर में पिंडारियों का भी बड़ा आतंक था। क्षेत्र में लूटपाट की घटनाएं होती रहती थीं। स्थानीय व्यवसायियों ने तब संगठित होकर यह तीन मंजिला बाजार बनवाया होगा। इसमें भूतल, पहली मंजिल और दूसरी मंजिल पर दुकानें हैं। नीचे के तल को शामिल करते हुए इसे तीन मंजिला बाजार कहा जाता था। समय के साथ सड़कें ऊंची होने के कारण व्यापारियों ने नीचे के तल को तलघर बना लिया। इसके ऊपर की दुकानें अब भी बरकरार हैं। सिरोंज जिला बनाओ अभियान समिति महामंत्री एंव अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एडवोकेट कपिल त्यागी ने अपनी टीम के साथ पुनः जिला बनाने की गतिविधियों को तेज कर दिया है। तो वही पूर्व में उन्होने समिति के माध्यम से जगह जगह बैठके व गांव गांव में चौपाल लगाकर नुक्कड सभाओं के आयोजन के माध्यम नागरिको से सम्पर्क कर सिरोंज को जिला बनाने के लिए समर्थन जुटा चुके है। साथ ही सिरोंज को जिला बनाने को लेकर विजय रथ को गांव-गांव भेंजकर जनजाग्रति अभियान एंव जिला बनाओं के संबध में फोल्डरों का वितरण के साथ उनकी टीम द्वारा सोशल मीडिया पर जिला की मांग को तेज कर व्यापारियो,सामाजिक संगठनों व ग्रामीणों के पास जाकर समर्थन जुटा रहें है।

## गायों को खिलाई हरी सब्जी व चारा

# प्रथम पुण्यतिथि पर गोशाला में गोभोज आयोजन किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

स्व श्रीमति अलका देवी जैन की प्रथम पुण्यतिथि के मौके पर रमेश चंद जैन,नितिन जैन,निखिल जैन द्वारा नगर के आरोन रोड स्थित संत सुधा सागर गौशाला में गौभोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परिजनों से गौशाला पहुचकर गायों का घास व हरी सब्जिया खिलाई गई।

# सागर पहुंचकर सांसद वानखेड़े को दी बधाई



**सिरोंज।** सिरोंज सागर संसदीय क्षेत्रीय सांसद डॉ लता वानखेडे को मध्यप्रदेश भाजपा का प्रदेश महामंत्री बनने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता तोषमणी पंथी ने अपनी मित्र मण्डली के साथ सागर पहुचकर सांसद डॉ लता वानखेडे को भारतीय जनता पार्टी का प्रदेश महामंत्री बनने पर बधाई दी। साथ ही क्षेत्र की राजनीति गतिविधियों को लेकर चर्चा की।

## सत्य सांई सेवा संगठन की बैठक में मीना ताई ने कहा-भजन के साथ सेवा भी अनवरत चलती रहे



**सागर।** भगवान श्री सत्य साई बाबा की असीम कृपा से 2025 को अखण्ड भजन का आयोजन 8 नवम्बर शाम 6 बजे से 9 नवम्बर शाम 6 बजे तक सिविल लाइन, वीसी बंगला के बाजू से स्थित साई निलयम में किया जा रहा है। 24 घंटे अनवरत होने वाले भजन में सागर, देवरी, हनौता पारीक्षत और खुरई समिति सहित 16 मंडलियों के भक्त भजन गाएंगे। बुधवार को हुई बैठक में संगठन की नेशनल ट्रस्टी मीना ताई पिंपलापुरे ने कहा कि भजन के साथ-साथ सेवा गतिविधियों का संचालन सुचारु चले इसके लिए सबको सभी प्रकार की सेवा करने तैयार रहना चाहिए। ताई ने जिले भर से आने वाले भक्त, गायक, आवास, आहार, पार्किंग, ध्वनि, प्रकाश व्यवस्था की बारीकी से जानकारी ली और स्वामी को साक्षी मानकर प्रेम से सेवा करने की बात कही। इस अवसर पर आशा पिंपलापुरे, करुणा गुरु, रेखा मुखारया, कीर्ति दुबे, प्रिया विश्वकर्मा, बीके गुरु, अनिल शर्मा, डॉ प्रेम चतुर्वेदी, संजीव सुहाने, डॉ देवेंद्र मुखारया, प्रियंका विश्वकर्मा, अंकुश यादव, ललिता सेन, डीपी सेन और सभी विंगों के पदाधिकारी उपस्थित थे। सागर समिति संयोजक जितेंद्र यादव ने बताया कि भजन का समापन रविवार को महामंगल आरती के साथ किया जाएगा।

## जबलपुर से आ रहा विस्फोटक माल किया बरामद

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के गढ़ाकोटा में बुधवार कि रात पुलिस ने एक कार से लाखों रुपए के अवैध पटाखे बरामद किए हैं। पुलिस ने कार और माल दोनों को ज़ब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी पटाखे लेकर जबलपुर से गढ़ाकोटा की ओर आ रहा था। पुलिस ने इस कार्रवाई को विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। गढ़ाकोटा थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक कार में बड़ी मात्रा में अवैध पटाखों का परिवहन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने चौकसी बढ़ाई और कुछ ही देर में नीले रंग की रिनॉल्ट क्विड कार एमपी 20 सीएल 1533 को रोक लिया। ओर कार की तलाशी के दौरान पुलिस ने करीब ढाई लाख रुपए के अवैध पटाखे बरामद किए। कार चालक की पहचान हरगोविंद पिता रामेश्वर कुर्मी निवासी रजाखेड़ी सागर के रूप में हुई। पुलिस ने जब उससे पटाखों के लाइसेंस के बारे में पूछा तो वह कोई दस्तावेज़ प्रस्तुत नहीं कर सका। बरामद पटाखों की कीमत लगभग ढाई लाख रुपए है, जबकि कार की कीमत करीब तीन लाख है।

## शिक्षा में नैतिकता के साथ पारदर्शिता सशक्त समाज के निर्माण के लिए आवश्यक : कुलपति प्रो. ठाकुर

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा सर्तकता जारूकता अभियान 2025 कार्यक्रम का समापन अभिमंच सभागार में आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय प्रभारी कुलपति प्रो. यंशवत सिंह ठाकुर ने की एवं कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सागर संभाग के अपर आयुक्त श्री पवन जैन एवं विशिष्ट अतिथि नगर निगम आयुक्त श्री राजकुमार खत्री थे। मुख्य अतिथि अपर आयुक्त पवन जैन ने ईमानदारी एवं सत्य निष्ठा से कार्य करने का संदेश दिया तथा उन्हों ने भ्रष्टाचार को समाप्त करने हेतु प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्तर पर स्वयं की जिम्मेदारियों अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सजग रहना होगा। विशिष्ट अतिथि राजकुमार खत्री ने विवि के शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा किये गये सर्तकता जागरूता कार्यक्रम तथा गतिविधियों की सराहना की।

## साईं कॉलेज में ओरिएंटेशन प्रोग्राम 2025 एवं प्रमाणपत्र वितरण समारोह आयोजित




हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

साईं कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंस, मुखर्जी नगर में गुरुवार को ओरिएंटेशन प्रोग्राम 2025 एवं प्रशिक्षण प्रमाणपत्र वितरण समारोह उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि एसपी रोहित काशवानी तथा विशिष्ट अतिथि अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. अविनाश लाघवे उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों का स्वागत कॉलेज डायरेक्टर संतोष सिंह एवं प्राचार्य अमितप्रताप सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। कार्यक्रम के दौरान बीएमएलटी, डीएमएलटी, एक्सरे एवं ओटी कोर्स के लगभग 250 विद्यार्थियों को मेडिकल कॉलेज एवं जिला चिकित्सालय में सफल प्रशिक्षण पूर्ण करने पर प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। एसपी श्री काशवानी ने विद्यार्थियों को साइबर क्राइम, डिजिटल अरेस्ट और सोशल मीडिया फ्रॉड से बचाव के महत्वपूर्ण सुझाव दिए। वहीं डॉ. लाघवे ने पैरामेडिकल क्षेत्र के बढ़ते अवसरों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को सेवा भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। ओरिएंटेशन सत्र में नए बैच 2025–26 के विद्यार्थियों को कॉलेज की सुविधाओं, अनुशासन, पाठ्यक्रम एवं प्रशिक्षण प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई, जिससे वे सत्र की मजबूत शुरुआत कर सकें। अंत में डायरेक्टर और प्राचार्य ने सभी अतिथियों, स्टाफ और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि निरंतर मेहनत, अनुशासन और मानव सेवा की भावना ही विद्यार्थियों को उत्कृष्ट पेशेवर बनाती है।

## मन मिले तो मित्र बनाओ, चित्त मिले तो चेला गुण मिले तो गुरु बनाओ वरना रहो अकेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बक्सरिया मोहल्ले में आयोजित भागवत कथा के अंतिम दिन सुदामा चरित्र की कथा सुनाई गई।

कथा वाचक नौलखी धाम सरकार रविंद्र आचार्य ने कहा कि सुदामा जी ने चने छिपाकर इसलिए खाए थे क्योंकि सुदामा जी जानते थे की ये चने शापित हैं। सुदामा ने विचार किया की में दरिद्र हो सकता हूं लेकिन मित्र यदि चनों को खाएंगे तो पता नहीं क्या होगा। सुदामा नें अपने मित्र कृष्ण की रक्षा के लिए स्वयं को परीक्षा में डाल दिया। कथा वाचक रविंद्र आचार्य ने कहा कि मन मिले तो मित्र बनाओ, चित्त मिले तो चेला और गुण मिले तो गुरु बनाओ बरना रहो अकेला। कथा के छठवें दिन साकेत धाम हरिद्वार से महाराज रामानुजम दास जी भी पहुंचे। कथा समापन पर सैकड़ों की संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।



## सर्व समाज जनसेवक संगठन ने सम्मान समारोह का आयोजन किया

# सेवानिवृत्त होने पर शिक्षिका को सम्मानित किया

**विदिशा।** सर्व समाज जनसेवक संगठन द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में संयुक्त संचालक नर्मदा पुरम संभाग मनीष वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में भारतीय डाक कर्मचारी संघ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष मनमोहन शर्मा विशेष अतिथि रहे तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदलाल यादव ने अध्यक्षता की। प्राचार्य अलका बागरी, पूर्व प्राचार्य मुकेश श्रीवास्तव, आरपी गुप्ता, शिव नारायण रैकवार, टीएन बारसी, प्राचार्य नरेंद्र वर्मा, ब्रज श्रीवास्तव एवं डायट प्राचार्य मधुबाला प्रधान की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में शिक्षिका अनुराधा देवेंद्र सक्सेना को शाल, श्रीफल, बैज, प्रशस्ति एवं सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्वागत एवं विदाई गीत का प्रस्तुतीकरण शिक्षिका संतोष लोधी ने किया। समारोह में सैकड़ों कर्मचारी-अधिकारी उपस्थित रहे। स्वागत समिति संयोजक मनोज शर्मा एवं साथियों ने तिलक, पुष्पमालाओं एवं उपहारों से अतिथियों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन लोकसभा अध्यक्ष उमराव सिंह कुशवाह ने किया।




## ब्राह्मण मैत्री महिला मंडल ने किया दीपदान व अन्नकूट महोत्सव का आयोजन

# वेंकटेश बालाजी मंदिर परिसर में बिखरी भक्ति, परंपरा और आस्था की अनूठी छटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर ब्राह्मण मैत्री महिला मंडल द्वारा वेंकटेश बालाजी मंदिर में दीपदान एवं अन्नकूट महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मंडल की महिलाएँ पीले पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित होकर पहुँचीं, जिससे मंदिर परिसर में भक्ति, सौंदर्य और सांस्कृतिक उत्साह का मनोहर वातावरण बना। भगवान बालाजी को छप्पन भोग अर्पित किए गए तथा सामूहिक दीपदान कर सभी ने सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। भजन, आरती और जयघोष की मधुर गूंज ने पूरे परिसर को आध्यात्मिक अनुभूति से भर दिया। कार्तिक पूर्णिमा का यह पर्व ब्राह्मण समाज के लिए आस्था और एकता का विशेष प्रतीक माना जाता है।

मंदिर पुजारी श्री चतुर्वेदी ने बताया कि ब्राह्मण मैत्री महिला मंडल पिछले कई वर्षों से इसी स्थल पर यह धार्मिक आयोजन करती आ रही है। मंडल की मातृशक्तियाँ परंपरा, भक्ति और सामाजिक एकजुटता की इस सांस्कृतिक विरासत को निरंतर आगे बढ़ा रही हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्तों ने सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया।



## टोकन व्यवस्था में दिक्कत, खाद न मिलने से बोनी पर संकट

**ग्यारसपुर।** कृषि शाख सहकारी समिति में डीएपी और अन्य खादों की किल्लत से किसान लगातार भटक रहे हैं। ऑनलाइन टोकन व्यवस्था होने के बावजूद किसानों को समय पर खाद नहीं मिल पा रही, जिससे बुवाई में देरी का खतरा बढ़ गया है। ग्राम ग्यारसपुर के किसान राधेलाल कुशवाह ने बताया कि उन्होंने 30 अक्टूबर को खाद के लिए ऑनलाइन कूपन जनरेट किया था, जिसकी अंतिम तिथि 4 नवंबर थी। इसके बाद भी चार दिन तक लगातार सोसाइटी के चक्कर लगाने पर उन्हें खाद नहीं मिल सकी। उनका कहना है कि वे 15 दिनों से खाद के लिए भटक रहे हैं, पर स्टॉक न होने से वितरण नहीं हो रहा। इसी तरह मोहनपुर और अन्य गांवों के किसान भी परेशान हैं। कई किसानों ने बताया कि ऑनलाइन कूपन बनाते समय वेबसाइट पर ग्यारसपुर समिति का नाम ही नहीं दिखाई देता, जिससे वे आवेदन नहीं कर पा रहे। समिति प्रबंधक दयाराम अहिरवार का कहना है कि स्टॉक उपलब्ध होने पर ही समिति का नाम ऑनलाइन सूची में दिखाई देता है। फिलहाल स्टॉक सीमित है। किसानों ने प्रशासन से जल्द खाद उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि रबी की बुवाई समय पर हो सके।

# भाजपा कार्यशाला में एसआईआर अभियान पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरवाई

विधायक कार्यालय कुरवाई में गुरुवार को एसआईआर (स्पेशल समरी रिवीजन) अभियान को लेकर भाजपा की संयुक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिसमें कुरवाई एवं मेहलुआ मंडलों के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक हरि सिंह सप्रे रहे, जबकि एसआईआर अभियान के विधानसभा संयोजक एवं भाजपा नेता जगदीश साहू ने मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, हटवाने एवं संशोधन की विस्तृत प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर मतदाता सूची को शुद्ध व अद्यतन बनाने पर जोर दिया।

विधायक सप्रे ने कहा कि देशहित में कार्य करना प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए गर्व का विषय है।” कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि “देश में वोट चोरी की राजनीति की शुरुआत कांग्रेस ने की थी, सरदार पटेल को हराने का प्रयास इसका उदाहरण है। उन्होंने राहुल गांधी पर टिप्पणी करते हुए कहा कि जिस दिन राहुल गांधी गेहूं की किस्म और वैरायटी बता देंगे, उसी दिन मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा। पश्चिम बंगाल की स्थिति पर बोलते हुए सप्रे ने कहा कि “ममता बनर्जी एसआईआर को लेकर घबराई हुई हैं। यदि इस बार पश्चिम बंगाल में एसआईआर निष्पक्ष रूप से हो गया तो भाजपा की सरकार बनना तय है। कार्यक्रम में जनभागीदारी अध्यक्ष सीताराम सैनी, मंडल अध्यक्ष राजेश लोधी, सुरेंद्र ठाकुर, विनोद जैन सहित दोनों मंडलों के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।




## कार्यालय श्रीरामलीला मेला समिति, विदिशा (म.प्र.)

### निविदा सूचना

एतद् द्वारा लोकनिर्माण विभाग में पंजीकृत समस्त फर्म/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि श्रीरामलीला मेला समिति, विदिशा द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य कराया जाना है। अतः जो भी फर्म/ठेकेदार इन कार्यों को करने के इच्छुक हों वे अपनी निविदाएँ श्रीरामलीला मेला समिति के एस्टीमेट पर कम या अधिक दर दिनाँक 13/11/2025. दिन गुरूवार दोपहर 03:00 बजे तक बंद लिफाफे में प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदाएँ उसी दिन शाम को 04:00 बजे खोली जाऐंगी।

निविदा प्रपत्र दिनाँक 07/11/2025. से कार्यालयीन समय में प्राप्त किए जा सकते हैं।

भाग - 01

| क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र की कीमत | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | मेला क्षेत्र में स्थित मिर्ची बाजार एवं हीरामन बाबा के पास की दो साईड पर आर.सी.सी. सड़क का निर्माण कार्य । | 8,81,892/- | 88,189/- | 1000/- | 'स' एवं उससे ऊपर | 30 दिवस |
| 2. | जानकी कुंज में वाहन पार्किंग का निर्माण कार्य । | 17,75,000/- | 1,77,500/- | 1000/- | 'स' एवं उससे ऊपर | 30 दिवस |

भाग - 02

05 किलो वॉट का सोलर प्लांट Waaree कम्पनी का छत पर लगाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

नोटः सोलर प्लांट प्रारूप के लिए प्रस्तुत निविदाएं श्रीरामलीला मेला समिति द्वारा पारित/निर्धारित कम्पनी के उपकरणों की ही मान्य होगी इस हेतु कार्यालय में सम्पर्क करें।

संपर्क मोबाईल :- 9575963404

मानसेवी सचिव

### अस्थाई बिजली पंप कनेक्शन लेने पर किसानों को देनी होगी एकमुश्त तीन माह की राशि

# बिजली कंपनी का फरमान, अस्थाई पंप कनेक्शन के लिए 3 माह की अनिवार्यता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

रबी सीजन में सिंचाई के लिए पंप कनेक्शन की आवश्यकता पड़ती है। किसान अपनी जरूरत के हिसाब से कनेक्शन लेते हैं, लेकिन मप्र मध्य क्षेत्र बिजली कंपनी ने कृषि पंप कनेक्शन जारी किए जाने के मामले में अपने कुछ नियम, कानून बना रखे हैं। जिसमें यह शर्ते भी लागू की गई है कि किसानों को न्यूनतम 3 महीने के लिए पंप कनेक्शन दिया जाएगा। इससे कम अवधि का कोई कनेक्शन नहीं दिया जाएगा।

विद्युत कंपनी ने अपने ट्रैरिफ प्लान में एक महीने से लेकर 5 माह की अवधि तक के लिए कनेक्शन की दरें निर्धारित की जाती है। 3 माह के पीछे कंपनी का तर्क है कि इससे कम अवधि का यदि कनेक्शन दिया भी जाता है तब भी किसान बिजली का उपयोग 2 से 3 महीने तक करता है। ऐसे में बिजली चोरी के प्रकरण बनाने पड़ते हैं।

#### बनाया नया टैरिफ प्लान

बिजली कंपनी ने रबी सीजन में सिंचाई के लिए दिए जाने वाले अस्थाई कनेक्शनों की दरे जारी कर दी है। लेकिन जो नया टैरिफ प्लान बनाया है, उसमें किसानों को न्यूनतम 3 महीने का विद्युत पंप कनेक्शन लेने की अनिवार्यता की गई है। यह ऐसी बाध्यता है जिसमें किसानों को ना चाहकर भी 3 महीने के लिए कनेक्शन शुल्क एडवांस में जमा करना होगा।

पूर्व में यही स्थिति सामने आने पर किसानों को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ा था। जिसके बाद कंपनी के सीएमडी ने नियमों में शिथिलता प्रदान करते हुए दो महीने का कनेक्शन दिए जाने के आदेश जारी किए थे। वहीं स्थिति एक बार फिर सामने आने पर किसान विरोध करने की चेतावनी दे रहे हैं। बताया गया कि बिजली कंपनी जिले में हर साल रबी सीजन में 22 से 24 हजार रूपए वसूलकर अस्थाई कनेक्शन जारी करती है।

#### विद्युत कंपनी समायोजन का दे रही आश्वासन

*बिजली वितरण कंपनी कान को उलटे पकड़ने जैसी बात कर रही है। कंपनी का कहना है कि यदि किसी किसानों को एक माह या दो माह का कनेक्शन चाहिए तो उसे तीन माह का कनेक्शन लेना अनिवार्य होगा। लेकिन यदि वह एक या दो माह में अपना कनेक्शन कटवा लेता है तो उसकी शेष राशि या तो वापस लौटा दी जाएगी या उसके बिल में समायोजित कर दी जाएगी।*



#### यह है किसानों की मजबूरी

◆ पिछले दो-तीन सालों से लगातार फसलें खराब होने के कारण किसानों की हालत पहले से ही खस्ताहाल है। वहीं इस वर्ष खरीफ सीजन में भी अतिवृष्टि और बार बार मौसम खराब होने की वजह से फसलें खराब हुई है। वहीं कंपनी के तुगलकी आदेश ने किसानों की परेशानी को बढ़ा दिया हैं। पहले तो किसानों के पास इतना रूपया नहीं है कि वे सीधे तीन माह का कनेक्शन ले। एक माह के कनेक्शन के लिए ही जैसे-तैसे करके बमुश्किल रूपये जुटा पा रहे हैं। ऐसे में कंपनी के आला अफसरों का यह कहना कि तीन महीने से कम कनेक्शन नहीं दिया जाएगा। तो किसानों के लिए यह किसी आफत से कम नजर नहीं आ रहा है। बताया गया कि कुछ साल पहले भी कंपनी ने ऐसे ही तुगलकी आदेश जारी किए जाने के कारण किसानों के विरोध के बाद सीएमडी को अपना आदेश में स्थिलता प्रदान करते हुए दो महीने का कनेक्शन जारी करना पड़ा था।

#### परिवर्तनशील हो सकती है दरें

बिजली वितरण कंपनी ग्रामीण क्षेत्र के कृषि पंप कनेक्शनों के लिए जो टैरिफ प्लान जारी किया है। उसमें विद्युत दरों की गणना राज्य शासन से दी गई सब्सिडी कम करने के पश्चात की गई है। लेकिन कंपनी यह भी कह रही है कि एफसीए चार्जेस में समय-समय पर परिर्वतन होने से उपरोक्त दरें परिवर्तनशील हो सकती है। ऐसे में जो कंपनी का टैरिफ है, उसमें आगे चलकर दरें बढ़ सकती है। वहीं कंपनी किसानों को यह सलाह भी दे रही है कि उचित रेटिंग का कैपेसिटर पंप कनेक्शन पर स्थापित किया जाए। यदि किसान कैपेसिटर लगाते हैं तो उनसे इसका प्रभार नहीं लिया जाएगा।

#### इनका कहना है

किसानों को खेतों में रबी सीजन की फसलों की पलेवा सिंचाई के लिए बिजली कंपनी ग्रामीण द्वारा अस्थाई पंप बिजली कनेक्शन देना शुरू कर दिया है। इनमें 3 महीने की अनिवार्यता है। किसानों से एकमुश्त राशि जमा कराई जा रही है।
**- एसके पटेल,** जेई ग्रामीण क्षेत्र विद्युत रायसेन

### पीडब्ल्यूडी मंत्री से लगाई गई गुहार

## सिलवानी से बेगमगंज की दूरी को कम करने ग्रामीण सड़क निर्माण की उठी मांग

◆ सड़क निर्माण होने से बेगमगंज की दूरी 20 किमी हो जाएगी कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

ग्रामों को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण कार्य कराने से सिलवानी से बेगमंगज की दूरी करीब 35 किलोमीटर रह जाएगी। वर्तमान में सिलवानी से वाया गैरतगंज होकर बेगमगंज जाने में 55 किमी का सफर करना पड़ता है। जिससे लोगों के समय व धन की की बर्बादी होती है। यदि अंचल के ग्रामों से होकर सड़क का निर्माण हो जाए तो सिलवनी से बेगमगंज की दूरी करीब 20 किलोमीटर कम हो जाएगी।

सिलवानी नगर के ग्राम उचेरा जमुनिया से खोड़ी, टेकापार, जिन्नोर, शोभापुर, टप्पा पिपरिया, मड़खेड़ा, महुआखेड़ा, सागोनी ग्राम से होकर श्याम नगर बेगमगंज तक टू लेन सड़क का निर्माण कराया जाए जिससे बेगमगंज से सीधा सड़क संपर्क जुड़ जाएगा और आवागमन भी सुलभ हो जाएगा। इस मार्ग के बनने से सिलवानी से बेगमगंज की दूरी घट कर करीब 35 किलो मीटर रह जाएगी। इस मार्ग के बनने से बेगमगंज, गैरतगंज व सिलवानी के पिछड़े गांव भी इन दोनों नगरों से जुड़ जाएंगे। सड़क बनने से क्षेत्रवासियों का समय के साथ धन की बचत होगी और दोनों नगरो के बीच व्यापारिक गतिविधियां भी बढ़ेगी।

#### मुख्य मार्गों से जुड़ जाएंगे गांव

अंचल के उक्त ग्रामों के बीच सड़क का निर्माण होने से सबसे ज्यादा लाभ ग्रामीण अंचलो के ग्रामीणों को मिलेगा। यातायात के साधनो का विस्तार होगा। शिक्षा व्यवस्था बेहतर होगी, चिकित्सा सुविधा का लाभ मिल सकेगा। इसके अतिरिक्त ग्रामो का विकास भी तीव्र गति से होगा। हालांकि प्रदेश की भाजपा सरकार ग्रामो के सुनियोजित विकास को लेकर लगातार कार्य कर रही है। सरकार की मंशा है कि महानगरों की तरह सुविधाए ग्रामों में भी उपलब्ध कराई जावें।

नगर की सामाजिक संस्था नगर विकास परिषद के विनय जैन ने कहा कि उक्त ग्रामों के बीच सड़क निर्माण कराया जाना अति आवश्यक है। सड़क निर्माण होने से ग्रामों का विकास होगा। यातायात के साधन सहित अन्य सुविधाएं ग्रामीणों को मिल सकेगी।

### खबर संक्षेप

#### आमने-सामने से भिंड़े वाहन, 6 लोग घायल

**रायसेन।** जिले की गैरतगंज तहसील के ग्राम बूढ़ागंज चादोनी में गुरुवार की दोपहर मारुति वैन और लोडिंग ऑटों में आमने सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में 6 लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार मारुति वैन में 4 लोग सवार थे और लोडिंग ऑटो में 2 लोग सवार थे, जो घायल हुए हैं। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए गैरतगंज सिविल अस्पताल पहुंचाया। जहां से दो गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया।

#### पुलिस ने अवैध शराब के 20 क्वार्टर किए ज़ब्त

**सलामतपुर।** जिले में नशीली दवाओं एवं शराब का अवैध व्यापार करने वाले आरोपियों के विरूद्ध एसपी पंकज पांडे के दिशा निर्देशन में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में पुलिस को सूचना मिली की कोई व्यक्ति नीनोद गांव के पास अवैध रूप से शराब बोरी में भरकर बेचने ले जा रहा है। जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने तत्काल थाने के प्रधान आरक्षक पुष्पेंद्र राजपूत को मौके पर भेजा। जैसे ही पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी व्यक्ति शराब की बोरी लेकर भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी की और आरोपी रघुवीर रैकवार पिता मूलचंद निवासी नीनोद को 20 देसी शराब के क्वार्टर के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई है। वहीं थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि नशामुक्त अभियान के तहत शराब का अवैध व्यापार करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है।

## फर्जी बिल लगाकर सरपंच-सचिव ने हड़पी ठेकेदार की 7 लाख की राशि

### मामले की शिकायत फरियादी ने कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा से की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जनपद पंचायत बाड़ी की ग्राम पंचायत घोंट में ठेकेदार मलखान सिंह पाल द्वारा निर्माण कार्य किया था, जिसकी बकाया राशि पिछले दो साल से नहीं मिली है। वह आवेदन पर आवेदन देकर अधिकारियों जनप्रतिनिधियों से राशि दिलाने की मांग कर रहा है, लेकिन अभी तक उसकी सुनवाई नहीं हो सकी।

गुरुवार को जब वह कलेक्टर के पास पहुंचा तो अपनी पीड़ा बताते हुए रो पड़ा, क्योंकि वह बेहद परेशान है। घर की आर्थिक स्थिति बिगड़ गई है, उसे रूपयों की बहुत जरूरत है। व्यापारियों से मटेरियल उधार लिया था वह बकाया राशि की मांग कर दबाव डाल रहे हैं। मामला सुलझाने के लिए उसने कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा को आवेदन देकर मांग की है।




#### ये है सारा मामला

जिले के जनपद पंचायत बाड़ी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत घोंट में करीब 2 साल पहले मौखिक आदेश पर पनागर निवासी ठेकेदार मलखान सिंह पाल ने निर्माण कार्य किए थे। बताया जाता है कि ग्राम पंचायत घोट के ग्राम नयागांव में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत ठेकेदार मलखान सिंह द्वारा निर्माण कार्य किए थे। जिसकी शेष राशि मूल्यांकन के अनुसार 7 लाख 80 हजार रुपए बकाया है। यह निर्माण कार्य दिसंबर 2022 को पंचायत के द्वारा मौखिक आदेश पर किए गए थे और पंचायत में वह राशि खाते में आ भी चुकी थी। लेकिन उस राशि का भुगतान ठेकेदार पाल को नहीं किया गया।

मलखान सिंह ने मीडिया कर्मियों को बताया कि उसने मामले की शिकायत जनपद सीईओ बाड़ी से भी तीन बार की थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। फिर एसडीएम बरेली और जनपद पंचायत के अधिकारियों से निवेदन किया।

वहीं सितंबर 2025 को 6 लाख 26,900 रुपये का फर्जी बिल वाउचर सरपंच सचिव भवानी सिंह ठाकुर द्वारा चोरी चुपके तरीके से दूसरे फर्जी बिल लगाकर खाते से निकाल ली गई।

## तेज रफ्तार आयशर ट्रक ने मोटरसाइकिल में मारी टक्कर, एक युवक गंभीर घायल, रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

भोपाल विदिशा हाइवे पर एक तेज रफ्तार मिनी ट्रक के ड्रायवर ने मोटरसाइकिल चालक को टक्कर मार दी। जिससे चालक के सिर में गंभीर चोटें आईं। युवक को गंभीर हालत में विदिशा मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया, लेकिन हालत बिगड़ने पर भोपाल रेफर कर दिया।

जानकारी अनुसार राजू राजपूत पिता जवाहर सिंह निवासी ग्राम मांची थाना सांची अपने घर से सलामतपुर आ रहा था। रास्ते में भोपाल विदिशा हाइवे 18 पर सामने से आ रहे तेज रफ्तार आयशर 407 मिनी ट्रक एमपी 04 जेडडब्ल्यू 6042 के चालक ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी, जिससे राजू के सिर में गंभीर चोटें आ गईं। वहीं मिनी ट्रक चालक ट्रक को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। वहीं पुलिस ने ट्रक को जब्त कर थाना परिसर में खड़ा कर लिया है।



#### बदमाशों ने युवक से की मारपीट, पुलिस ने मामला किया दर्ज



**सलामतपुर।** बुधवार रात एक युवक के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार, विष्णु लोधी (उम्र 25) निवासी मुड़ियाखेड़ा, जो दीवानगंज में स्थित एक मिनी मार्ट पर काम करता है, रात करीब 9:30 बजे दुकान से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान मुड़ियाखेड़ा रोड नहर की पुलिया के पास 3 से 4 अज्ञात आरोपियों ने रास्ते में रोककर उस पर हमला कर दिया। हमले में घायल युवक को सांची अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे विदिशा रेफर कर दिया। हालत गंभीर होने पर भोपाल रेफर किया। घटना की सूचना पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों पर मामला दर्ज कर लिया है। वहीं पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को पूछताछ के लिए उठाया है, जिससे पूछताछ जारी है।

#### बस में पीछे से घुसा ऑटो, दूसरी घटना में घाटी चढ़ते ट्रक के ब्रेक हुए फेल

**दीवानगंज।** भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर बालमपुर चौराहे के पास स्थित इंडियन पेट्रोल पंप के सामने यात्री बस से एक ऑटो चालक बस के पीछे जा टकराया, जिससे ऑटो आगे से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बस चालक और ऑटो चालक में काफी देर तक बहस होती रही। हालांकि इसमें किसी को चोट नहीं आई। दोनों वाहन चालकों ने आपसी समझौता कर लिया।

वहीं दूसरे घटना में बालमपुर घाटी पर चढ़ रहे एक ट्रक के ब्रेक फेल हो गए। जिससे ट्रक पीछे रिवर्स होने लगा, ट्रक को बामुश्किल पत्थर लगाकर रोका गया। इसके पश्चात जेसीबी की सहायता से ट्रक को बालमपुर की घाटी पर चढ़ाया गया। नहीं तो ट्रक बालमपुर घाटी पर खाई में पलट जाता। बालमपुर घाटी पर हो रहे आए दिन हादसों के कारण दोनों तरफ लगी हुई लोहे की रेलिंग पूरी तरह टूट चुकी है। जिससे अब और ज्यादा हादसा होने का अंदेशा बना रहता है।

## ग्राम मांगरोल में हुआ किशोरी जागरुकता संवाद अभियान

◆ छात्र-छात्राओं को दी कानून, साइबर अपराध की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस द्वारा स्कूलों में पहुंचकर किशोरी जागरूकता संवाद कार्यक्रम चलाया जा रहा है। नर्मदा किनारे बसे ग्राम मांगरोल में स्कूल के छात्र-छात्राओं से पुलिस ने संवाद किया कानूनी अधिकार बच्चियों को उनके अधिकार और साइबर अपराधों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। किशोरियों के स्वास्थ्य पोषण शिक्षा और यातायात नियमों के संबंध में बताया सशक्त बनाने किशोरियों की अवधारणा को बेहतर सामाजिक जागरूकता बढ़ाने समाज में मदद की प्रेरणा मिले।




#### विस्तार से दी जानकारियां

ग्राम मांगरोल में टी आई कपिल गुप्ता ने किशोरी जागरूकता संवाद अभियान के अंतर्गत स्कूली छात्र-छात्राओं से संवाद कर अधिकारों के विषय में बताया प्रेम विवाह, सडक़ सुरक्षा, यातायात नियम, साइबर अपराध, म्युचुअल अकाउंट के बारे में विस्तार से जानकारियां दी। कहा की बेटी की उम्र 18 वर्ष और बेटे की उम्र 21 वर्ष से पहले विवाह करना कानूनी अपराध है। बच्चों को अच्छी शिक्षा संस्कार देना भी जरूरी है कार्यक्रम में थाना प्रभारी कपिल गुप्ता एएसआई रानी चौहान सरपंच वृंदावन पटेल सचिव राजेंद्र चौधरी के साथ छात्र-छात्राओं शिक्षकों की उपस्थिति रही।

## अखंड रामचरितमानस पाठ का समापन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

नगर के बजरंग चौराहा पर स्थित श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना अनगढ़ हनुमान मंदिर परिसर में अखण्ड रामचारित मानस पाठ का भव्य आयेजन किया जा रहा है। जिसका समापन शुक्रवार को सुबह के समय किया जाएगा।

गुरुवार को सुबह के समय संक्षिप्त धार्मिक अनुष्ठान के बीच अखंड रामचरित मानस पाठ का शुभारंभ किया। श्रद्धालुओं द्वारा कार्यक्रम स्थल पर पहुंच कर सहभागिता की जा रही है। अनगढ़ हनुमान मंदिर बजरंग चौराहा सिलवानी में आगामी दिनो में हाने वाले कलशारोहण एवं शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा के भव्य आयोजन को लेकर धार्मिक उत्साह का माहौल बना हुआ है। इसी कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर श्रीहनुमान जी महाराज की कृपा एवं समस्त विध्न बाधाओं के नाश के उददेश से अखण्ड श्रीराम चरित मानस पाठ का आयोजन श्री हनुमान मंदिर समिति द्वारा किया जारहा है। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थिति दर्ज करा रहे है। समूचा वातावरण जय श्रीराम, जय बजरंग वली के जयकारो से गूंज रहा है।



## गुणवत्ता के साथ समय अवधि में पूर्ण कराएं निर्माण कार्य

### कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यो की समीक्षा में दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले के बाड़ी जनपद पंचायत कार्यालय में कलेक्टर श्री अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यो की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, पीआईयू, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सहित अन्य विभागों के निर्माण कार्यो की विभागवार समीक्षा करते हुए निर्माणधीन कार्यो को समयावधि में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही जो निर्माण कार्य स्वीकृत हो गए हैं, लेकिन अप्रारंभ हैं उन्हें भी शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्यो में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए और कार्य निर्धारित समयावधि में हों, यह भी सुनिश्चित कराएं।




जिन ठेकेदारों या निर्माण एजेंसी द्वारा कार्य में लापरवाही की जा रही है या गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं किया जा रहा है उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाए। बैठक में अनेक विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

### बाग पिपरिया में हुआ ग्राम चौपाल कार्यक्रम, विभिन्न विभागों के लगे स्टॉल

## राज्यमंत्री पटेल व कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं का किया निराकरण

◆ राज्य मंत्री पटेल ने पूर्व सरपंच मेहरा के घर भोजन कर दिया सामाजिक समरसता का संदेश

◆ ग्राम चौपाल में आए 230 आवेदनों में से 196 का मौके पर ही किया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

बाड़ी जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत बाग पिपरिया में पहला जिला स्तरीय ग्राम चौपाल कार्यक्रम का आयोजन हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के विधायक प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे ग्राम चौपाल कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न सरकारी विभागों के द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

ग्राम चौपाल में 230 समस्याओं से संबंधित आवेदन आए राज्यमंत्री पटेल एवं कलेक्टर द्वारा 196 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया।

#### पात्रों को मिले योजना का लाभ

राज्य मंत्री पटेल ने प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के लाभ के लिए कार्यक्रम ग्राम चौपाल को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं का पात्र लोगों को लाभ मिले।



मंत्री पटेल ने कांग्रेस के कार्यकाल में कृषि उत्पादन की तुलना करते हुए कहा कि तेजी से सिंचाई का रकबा बढ़ा है। किसानों द्वारा अच्छी पैदावार की जा रही है। मंत्री पटेल ने डॉक्टर के साथ होने वाले दुव्र्यवहार पर खेद व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे लोगों को बक्सा नहीं जाएगा जो अस्पतालों में डॉक्टर से बदसलूकी करेंगे।

#### 196 आवेदनों का निराकरण

ग्राम चौपाल कार्यक्रम के दौरान कृषि वैज्ञानिक स्वनिल दुबे ने उन्नत कृषि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।नरवाई में आग लगने से होने वाले नुकसान के संबंध में बताया पशुपालक डेयरी व्यवसाय जैविक खेती उद्यान की फसलों इत्यादि के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी गई। ग्राम चौपाल कार्यक्रम के दौरान 230 आवेदन आए जिनमें से 196 का मौके पर राज्य मंत्री पटेल कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा द्वारा निराकरण किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, शेर सिंह चौधरी, अवनीश पालीवाल ,योगेश पटेल सरपंच रेवत सिंह गोदर, एसडीएम संतोष मुद्गल, एसडीओपी कुंवर सिंह मुकाती, सी ओ बाड़ी दानिश अहमद खान ,टी आई कपिल गुप्ता के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों एवं ग्रामों से आए ग्रामीण किसानों की भारी उपस्थिति रही।

#### सामाजिक समरसता का संदेश

राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने बागपिपरिया ग्राम पंचायत की पूर्व सरपंच श्रीमती रेणुका मेहरा के निवास पर पहुंच कर भोजन किया और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। इस अवसर पर कहा कि कांग्रेस द्वारा देश में ऊंच-नीच और जातिवाद की राजनीति की जाती है। भाजपा सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सामाजिक समरसता के साथ देश और प्रदेश में कार्य कर रही है।